# FIRST INFORMATION REPORT

**(Under Section 154 Cr.P.C.)**

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)

(धारा **154** दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )

1. **District (ज़िला):** STATE VIGILANCE AND **P.S.(थाना):** UNA **Year(वर्ष):** 2024
   **FIR No(प्र.सू.रि.सं.):** 0001 **Date & Time of FIR (एफआईआर की तिथि / समय):** 12/02/2024 02:59 PM

2.

| S.No.(क्र. | Acts(अधिनियम ) | Sections(धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | THE PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** Intervening Day **Date From(दिनांक से):** 05/02/2024 **Date To(दिनांक तक):** 12/02/2024
      **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 12:00 AM **Time To (समय तक):** 01:45 PM

   (b) **Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ): Date(दिनांक):** 12/02/2024 **Time (समय):** 01:45 PM
   (c) **General Diary Reference (रोजानामचा संदर्भ):** **Entry No.(प्रविष्टि सं.):** 010 **Time (समय):** 12/02/2024 02:11 PM

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH-WEST, 16 **Beat No(बीट सं.)**
      (b) **Address(पता):** Tahliwal , Haroli
      (c) **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
      **Name of P.S(थाना का नाम):** **District(State)(ज़िला(राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
   (a) **Name(नाम):** Yashpal Sharma
   (b) **Father's Name (पिता का नाम):** Sita Ram
   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि /वर्ष):** 1966 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
   (e) **UID No (यूआईडी सं.):**
   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि ):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   (g) **Id details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN )(पहचान विवरण(राशन कार्ड,मतदाता पहचान पत्र, पारपत्र,आधार कार्ड सं.,ड्रायविग लायसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type(पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number(पहचान संख्या) |
|---|---|---|

   (h) **Occupation (व्यवसाय):**
   (i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | VILLAGE-Nangal Kalan , TEHSIL-Haroli , PS-TAHLIWAL, DISTRICT-UNA, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |
| 2 | **Permanent Address** | VILLAGE-Nangal Kalan , TEHSIL-Haroli , PS:TAHLIWAL, DISTRICT-UNA, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |

   (j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन ):**
   **Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) | Parmanent Address (स्थाई पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ashok Kumar | | COLONY-Clerk ,VILLAGE-MC office Tahliwal ,TEHSIL-Haroli ,PS-TAHLIWAL,DISTRICT-UNA,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA | COLONY-Clerk ,VILLAGE-MC office Tahliwal ,TEHSIL-Haroli ,PS-TAHLIWAL,DISTRICT-UNA,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant** (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)** (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (संपत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ती के प्रकार) | Nature Property (प्रकृति संपत्ति) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|---|

10. **Total value of property stolen (In Rs/-)** (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य (रु में) ):

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any** (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू०डी०प्रकरण न०, यदि कोई हो ):

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी.संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)** (प्रथम सूचना तथ्य (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

दिनांक 12.02.2024 को श्री यशपाल शर्मा निवासी नंगल कलां, तहसील हरोली जिला ऊना द्वारा दी गई शिकायतपत्र प्रारंभिक छानबीन हेतु उप निरीक्षक जसवीर चन्द को दी गई थी। उप नि0 जसवीर चन्द ने प्रारंभिक छानबीन के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जो शिकायत का मजबून इस प्रकार से है:- दिनांक 05.02.2024 को मन उप निरीक्षक रपट नं0 09 रोजनामचा के अनुसार खुफिया सुराग बुरारी हेतु इलाका हरोली इत्यादि का रवाना था तो दौराने सुराग बुरारी सन्तोषगढ़ के पास श्री यशपाल शर्मा निवासी नंगल कलां, ठेकेदार NAC टाहलीवाल मिला था, जिसने नगर पंचायत टाहलीवाल में तैनात क्लर्क अशोक कुमार के बारे में बतलाया था कि वह इसके द्वारा नगर पंचायत में किए गए निर्माण कार्य के क्लीयर किए गए बिल की राशि जारी करने की एवज में रिश्वत चाहता है। जिस पर श्री यशपाल शर्मा को उसी समय Sony Voice Recorder में मैमोरी कार्ड 16 GB मार्का Simmtronics डालकर रिश्वत की माँग सम्बन्धी बातचीत की रिकार्डिंग करने के लिए दिया तथा हिदायत दी गई कि बात होने पर उपरोक्त डिवाइस मय मैमोरी कार्ड तथा विस्तारपुर्वक शिकायतपत्र प्रेषित करें। जो आज दिनांक 12.02.2024 को श्री यशपाल शर्मा पुत्र श्री सीताराम शर्मा निवासी गांव व डाकघर नंगल कलां तहसील हरोली, जिला ऊना द्वारा Sony Voice Recorder मय मैमोरी कार्ड 16 GB मार्का Simmtronics तथा एक शिकायतपत्र प्रभारी थाना को प्रेषित किया गया, जिसे प्रभारी थाना द्वारा मन उप निरीक्षक को प्रारम्भिक सत्यापन हेतु अग्रेषित किया गया। श्री यशपाल शर्मा द्वारा प्रेषित शिकायतपत्र का सार निम्न प्रकार से है- सेवा में,Dy. SP Vigilance Una. विषय:- नगर पंचायत टाहलीवाल में नियुक्त क्लर्क अशोक कुमार द्वारा रिश्वत मांगने बारे। श्रीमान जी, निवेदन है कि मैं यशपाल शर्मा सरकारी पंजीकृत ठेकेदार हूँ, मैंने वर्ष 2023 में नगर पंचायत टाहलीवाल में online Tender प्रक्रिया से आवेदन कर काम लिया था जिसे मैंने नम्बवर 2023 में पूर्ण कर तमाम दस्तावेजी व अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कर दी थी। लेकिन नगर पंचायत टाहलीवाल में नियुक्त बाबू अशोक कुमार ने मुझे बिना वजह कारण परेशान करना शुरू कर दिया और दो महिने मेरे कार्य के पुर्ण करने पर मिलने वाले तीन लाख रोक कर रखे। जबकि मैं पता करने जाता था कोई न कोई बहाना लगा देता था। मैंने एक दिन दुसरे ठेकेदार से बात कि तो मुझे कहा कि वह रिश्वत लिये बिना आपके तीन लाख के बिल क्लीयर नहीं करेगा। उसने यह भी बताया कि यह मुंह से नहीं बोलता लेकिन परेशान करता है ताकि ठेकेदार परेशान होकर पैसे देने को मजबूर हो जाए। नरेन्द्र सिंह ठेकेदार ने मेरे सामने बाबू अशोक कुमार को फोन किया कि ठेकेदार यशपाल शर्मा (मेरे) के बिल, क्लीयर कर दो, मेरी जिम्मेवारी है आपका (अशोक कुमार) हिस्सा काम के पैसे खाते में आते ही मिल जाएंगे। इसके अगले दिन ही बाबू अशोक कुमार ने दिनांक 03-02-2024 को ही बिल क्लीयर कर मुझे फोन कर कहा कि आपके बिल क्लीयर कर दिये, एक-दो दिन में तीन लाख आपके खाते में आ जायेंगे तथा कहा कि मेरे 2% हिस्से का ख्याल रखना, वर्ना दोबारा मुश्किल होगी। मैंने नरेन्द्र सिंह ठेकेदार से दिनाँक 04-02-2024 को मिलकर बात की, कि बाबू अशोक कुमार पहले बोल देता कि कि बिना रिश्वत बिल पास नी हो सकते तो मुझे दो महीने परेशान क्यों किया। नरेन्द्र सिंह ठेकेदार ने कहा कि बाबू अशोक कुमार बोल कर पैसे नहीं मांगता और उल्टे –पुल्टे objections लगाता है और ठेकेदार को पैसे देने को मज़बूर कर देता है। उसकी कार्य प्रणाली ऐसी ही है। मेरे द्वारा नगर पंचायत टाहलीवाल में बाबू अशोक कुमार की न्युक्ति के समय में पहला निर्माण कार्य है जो मैंने यह कार्य Retaining Wall वार्ड नं0 02 में किया है। जिसका नपाई के बाद amount 314018/- रूपये का बिल क्लीकर करने के बदले बाबू अशोक कुमार 2% के हिसाब से, जो कि करीब 6000/- रूपये की रिश्वत राशि चाहता है। मैं रिश्वत नहीं देना चाहता हूँ। बाबू की शिकायत के सिलसिले में मैं विजिलेंस से मिलना चाहता था, तब मुझे सन्तोषगढ़ के पास किसी व्यक्ति के द्वारा दिनांक 05.02.2024 को श्री जसवीर चन्द विजिलेंस अधिकारी से मिलवाया, जिनसे मिलकर मैने उपरोक्त सारी बात बतलाई, जिन्होने मुझे उसी समय Sony Voice Recorder में मैमोरी कार्ड डालकर रिकार्डिंग हेतु दिया व इस डिवाइस को संचालित करना भी बतलाया। जिस पर दिनांक 05.02.2024 को ही मैने बाबू अशोक कुमार से बात की, तो वह उस समय मैहतपुर कार्यालय में काम से गया हुआ था, जिसने मुझे कहा कि वह बाद में फोन करेगा। जब उसका फोन नहीं आया तो मैने ठेकेदार नरेन्द्र से बात की जिसने

मुझे कहा कि चल उससे व्यक्तिगत तौर पर मिलते हैं। दिनांक 05.02.2024 को हि मैं व नरेन्द्र सिंह, बाबू अशोक कुमार से मिले तथा मैने रिकार्डिंग डिवाइस पहले ही ऑन करके अपनी जेब में रख लिया था। बाबू अशोक कुमार से करीब 18 मिनट बातचीत होती रही तो दौराने बातचीत बाबू अशोक कुमार ने अंको में राशि न माँग कर, यह कहा कि जैसे अन्य लोग जो देते हैं वो रख लेता हूँ, वैसे ही आप जो चाहे दे देना। उसके बाद बाबू अशोक कुमार छुट्टी पर चला गया था जो आज दिनांक 12.02.2024 को ड्यूटी पर वापिस आ गया है। यह ठीक है कि मेरी 30-35 हजार की सिक्योरिटी राशि/Earnest Money व अन्य कार्य के टैंडर प्रक्रिया में बाबू अशोक कुमार अड़चन पैदा कर सकता है लेकिन मैं नगर पंचायत टाहलीवाल में नियुक्त बाबू अशोक कुमार को रिश्वत नहीं देना चाहता। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। –sd- यशपाल शर्मा पुत्र स्व0 श्री सीता राम शर्मा निवासी गांव व डा0 नंगल कलां तह0 हरोली जिला ऊना। मो0- 78071-40096 । शिकायतकर्ता तथा शिकायतपत्र में लिखित उपरोक्त आरोपों की सत्यता जानने हेतू शिकायत कर्ता का आधार कार्ड तथा काम से सम्बन्धित दस्तावेज प्राप्त किये गये तथा Sony Voice Recorder से मैमोरी कार्ड 16 GB मार्का Simmtronics निकालकर दिनांक 05-02-2024 की रिकार्डिंग सुनी गई जो यह रिकार्डिंग 18 मिनट 20 सैंकड के करीब की है। इस रिकार्डिंग में शिकायतकर्ता यशपाल शर्मा, नरेन्द्र सिंह व बाबू अशोक कुमार बातचीत करते पाये गये हैं। इस रिकार्डिंग में बाबू अशोक कुमार द्वारा 13.0 मिनट से 13.5 मिनट तक पैसों की रकम न बोलकर कहा है कि “जो जिसने दे दिया हमने ले लिया”। इसके बाद 18 मिनट से 18.6 मिनट के बीच अशोक कुमार शिकायतकर्ता से कह रहा है “जो आपको जायज लगेगा देख लेना” । जो प्रारम्भिक जांच में दिनांक 05-02-2024 को इलाका में बाबू अशोक कुमार के बारा में तस्दीक किये गये हालात से अशोक कुमार नगर पंचायत टाहलीवाल में contract basis पर क्लर्क नियुक्त पाया गया तथा इसकी कार्य प्रणाली संदिग्ध पाई गई। इसके अतिरिक्त शिकायतकर्ता की शिकायत में लिखित आरोप सही पाये गये है तथा बाबू अशोक कुमार द्वारा शिकायतकर्ता से सरकारी कार्य के बिल की राशि 314018/- रूपये जारी करने के एवज में रिश्वत की मांग करना भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम की जद में आना पाया जा रहा है। अतः प्रारम्भिक सत्यापन रिपोर्ट सेवा में प्रेषित है। sd/-उप निरीक्षक जसबीर चन्द रा0स0 एवं भ्र0 रो0 ब्यूरो, थाना ऊना, जिला ऊना (हि0प्र0)।कार्यवाही पुलिसः- SI जसवीर चन्द के द्वारा प्रारम्भिक छानबीन करके रिपोर्ट का बारिकी से अवलोकन किया गया । विवरण रिपोर्ट का अवलोकन करने के उपरान्त रिपोर्ट शब्द व शब्द लिखा गया । उप नि0 जसवीर चन्द की अनुशन्सा के अनुसार नगर पंचायत टाहलीवाल में तैनात क्लर्क अशोक कुमार के खिलाफ जुर्म जेर धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के वकूह में आना पाया जा रहा है । उपरोक्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा जेर धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 पंजीकृत थाना किया गया । FIR की प्रतियां वजरिया प्रिन्टर निकाली जा रही है । जो वराये मुलाहजा अदालत मिजाज व वरिष्ठ अधिकारियों की सेवा में भेजी जा रही है । मुकदमा विशेष प्रतिवेदित है तथा FIR को ही विशेष प्रतिवेदन समझा जाये । मिस्ल मुकदमा वराये तफ्तीश निरिक्षक नरेश कुमार के हवाले की जा रही है ।

**13.Action taken Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**

**(**की गयी कार्यवाही**:** चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं**.2.**में उल्लेख धारा के तहत है **|):**

**(1)Registered the case and took up the investigation (**प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया**):**

**or (**या**)**

**(2)Directed (Name of I.O.):(**जांच अधिकारी का नाम **):**Naresh Kumar **Rank (**पद**):** INSP. (Inspector)

**No(**सं**.):** **to take up the Investigation (**को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया **) or**

**(3)Refused investigation due to(**जांच के लिए**):**

**or (**के कारण इंकार किया या**)**

**(4)Transferred to P.S.(**थाना**):** **District(**ज़िला**):**

**on point of jurisdiction (**को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित**)**

**F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost. (**शिकायतकर्ता **/** सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी**,** सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी **|)**

**R.O.A.C.(**आर**.**ओ**.**ए**.**सी**.)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(**शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान**):**

**Signature**/हस्ताक्षर

**15. Date and time of dispatch to the court**
**(**अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय**):**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(**थाना प्रभारी के हस्ताक्षर**)**

**Name(**नाम**):** Kulvinder Singh
**Rank (**पद**):** Dy. SP (Deputy Superintendant of
**No(**सं.**):** NA

**Attachment to item 7 of First Information Report** (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद **7** संलग्नक)**:**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )**
**(**संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ**,** विकृतियाँ और अन्य विवरण **:(**यदि ज्ञात / देखा गया**))**

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | 1999 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |

| Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Burn Mark** (जले हुए का निशान) | **Leucoderma** (धवल रोग ) | **Mole** (मस्सा) | **Scar** (घाव) | **Tattoo** (गूदे हुए का) | |
| **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(**यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है **|)**